

वर्ष 1 - अंक 80
गुरुवार 20 फरवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

रणजीत टाइम्स

# रेखा गुप्ता के साथ प्रवेश वर्मा-कपिल मिश्रा भी लेंगे शपथ, सभी छह मंत्रियों के नाम का एलान

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

दिल्ली के भावी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को सर्वसम्मति से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल का नेता चुन लिया गया। पंडित पंत मार्ग स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित विधायक दल की बैठक में शालीमार बाग से विधायक रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा गया। सर्वसम्मति ने प्रस्ताव पास हो गया। दिल्ली भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद 20 फरवरी को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। इनके साथ इनके कैबिनेट सहयोगी भी मंत्री पद की शपथ लेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद और राष्ट्रीय मंत्री ओपी धनखड़ ने मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा की। इससे पहले भाजपा हाईकमान ने ओपी धनखड़ और रविशंकर प्रसाद को पर्यवेक्षक बनाया। बुधवार को इनकी मौजूदगी में विधायकों की राय जानी गई। इसमें रेखा गुप्ता के नाम पर सर्वसम्मति बनी। बुधवार रात भाजपा विधायक दल की नेता रेखा गुप्ता दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात करके दिल्ली में सरकार बनाने के लिए दावा पेश किया। उपराज्यपाल को उन विधायकों की सूची भी सौंपी जिन्हें, पहले शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई जाएगी। उपराज्यपाल 20 फरवरी को शपथ ग्रहण के लिए मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों को निमंत्रण देंगे। दिल्ली के सीएम की दौड़ में प्रवेश वर्मा, सतीश उपाध्याय, विजेंद्र गुप्ता, शिखा राय समेत कई चेहरों का नाम लिया जा रहा था। आखिरकार बाजी रेखा गुप्ता ने मारी है।




### ये हैं वो छह नाम जो बनेंगे मंत्री

दिल्ली सीएम का नाम फाइन होने के बाद अब सवाल उठने लगा है कि रेखा गुप्ता के साथ कौन-कौन मंत्री शपथ लेगा। रेखा गुप्ता के साथ छह मंत्री भी शपथ लेंगे। प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, पंकज सिंह, मनजिंदर सिरसा, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्राज दिल्ली में कैबिनेट मंत्री होंगे।

### रेखा गुप्ता का राजनीतिक सफर

रेखा गुप्ता का राजनीतिक करियर प्रभावशाली रहा है। भाजपा में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य उन्होंने किया है। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही नगर निगम चुनावों में भाजपा की ओर से महापौर पद की उम्मीदवार भी थीं। राजनीतिक यात्रा दिल्ली विश्वविद्यालय से शुरू हुई, जहां उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ में महासचिव रहीं। इसके बाद उन्होंने भाजपा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए पार्टी में उच्च पदों तक का सफर तय किया और एक अनुभवी नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई।

### शुरुआती जीवन

रेखा गुप्ता का जन्म 1974 में हरियाणा के जींद जिले की जुलाना तहसील के नंदगढ़ गांव में हुआ था।

---

# एमपी में फिल्म 'छावा' टैक्स फ्री


## शिवाजी महाराज की जयंती पर सीएम की घोषणा

**रणजीत टाइम्स**

**छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती के अवसर पर, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फिल्म 'छावा' को राज्य में टैक्स फ्री करने की घोषणा की है।**

यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र, संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी।

**भोपाल।** मुख्यमंत्री यादव ने जबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, "छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी महाराज ने अपने जीवन में असंख्य यातनाएं झेलीं और अपने देश-धर्म के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। हाल ही में 'छावा' नाम की एक फिल्म बनी है। जब इतने महान नायक पर फिल्म बनी है, तो उस पर टैक्स क्यों लगना चाहिए। इसलिए, मैं यहीं से 'छावा' को टैक्स फ्री करने की घोषणा करता हूं।" फिल्म 'छावा' में विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई है, जबकि रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं अदा की हैं। इसका निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है। फिल्म ने रिलीज के छह दिनों में ही 188.36 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है, जबकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन 250 करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। सरकार के इस फैसले का विभिन्न संगठनों और मराठा समाज ने स्वागत किया है, और सोशल मीडिया पर भी इस निर्णय की सराहना हो रही है।




---

# फ़ज़ल अहमद भ्रष्टाचार के आरोपों से मुक्त, अधिवक्ता अज़हर उद्दीन क़ाज़ी की प्रभावी पैरवी से मिली राहत

**रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)**

**विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) शिवपुरी ने एक महत्वपूर्ण फ़ैसले में फ़ज़ल अहमद को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(1) व 13(2) के आरोपों से मुक्त कर दिया, हालांकि धारा 420 और 409 आईपीसी के तहत मुकदमा जारी रहेगा।**

**शिवपुरी।** प्राप्त जानकारी के अनुसार, फ़ज़ल अहमद के ख़िलाफ़ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और धोखाधड़ी से जुड़ी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष को पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद, वे भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने में असफल रहे। इसी आधार पर, विशेष न्यायालय ने फ़ज़ल अहमद को भ्रष्टाचार के आरोपों से मुक्त करने का आदेश पारित किया।

अधिवक्ता अज़हर उद्दीन क़ाज़ी ने न्यायालय के समक्ष प्रभावी तर्क प्रस्तुत करते हुए यह साबित किया कि अभियोजन पक्ष आरोपी पर भ्रष्टाचार के आरोप सिद्ध करने में असमर्थ रहा। उनके मजबूत तर्कों के आधार पर न्यायालय ने यह महत्वपूर्ण फ़ैसला सुनाया। हालांकि, आईपीसी की धारा 420 और 409 के तहत मुकदमा जारी रहेगा, और आगामी सुनवाई 25 फरवरी 2025 को होगी।

### इस फ़ैसले से फ़ज़ल अहमद और उनके परिजनों को आंशिक राहत मिली है

वहीं, अधिवक्ता अज़हर उद्दीन क़ाज़ी की सफल पैरवी की कानूनी जगत में सराहना की जा रही है। उनके कुशल और प्रभावी तर्कों ने न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।

# प्रदेश के सिंचाई रकबे को एक करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य :सीएम

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव बोले-समय-सीमा में निर्माण गतिविधियां की जाएं पूर्ण
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई के रकबे को वर्ष 2028-29 तक एक करोड़ हेक्टेयर तक करने का लक्ष्य है। अतः सभी परियोजनाओं में निर्माण गतिविधियों का संचालन समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ - 2028 में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ओंकारेश्वर दर्शन के लिए भी जाएगी। अतः ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्मित किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बड़ादेव संयुक्त माईक्रो सिंचाई परियोजना अंतर्गत टेरिया नाला बांध, सानेर बांध और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के निर्माण कार्य, सोण्डवा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, धार उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, बहोरीबंद उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, ढीमरखेड़ा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत नहर निर्माण, महेश्वर-जानापाव उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में ओंकारेश्वर और नावघाट-खेड़ी जिला खण्डवा में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्माण और इंदिरा सागर ओंकारेश्वर पम्प स्टोरेज परियोजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, मोहम्मद सुलेमान सहित नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित थे।

# हरियाणा में बनेगा सबसे बड़ा जंगल सफारी पार्क

## गुरुग्राम और नूंह जिले में हो सकता है विकसित, तैयारी पूरी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** घूमने-फिरने के साथ-साथ एडवेंचर का शौक रखने वाले पर्यटकों के लिए खुशखबरी आई है। जानकारी के अनुसार, हरियाणा अरावली रेंज में दुनिया का सबसे बड़ा जंगल सफारी पार्क को विकसित किया जाएगा, जिसकी घोषणा राज्य सरकार ने दी है। 10 हजार एकड़ को कवर करने वाली इस योजना का उद्देश्य विश्व स्तर पर सबसे बड़ी परियोजना बनाने का है। अभी तक सबसे बड़ा क्यूरेटेड सफारी पार्क शारजाह में स्थित है, जो करीबन 2 हजार एकड़ में फैला हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अरावली पार्क इससे पांच गुना बड़ा होने वाला है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यहां कई आकर्षण भी लगाए जाएंगे। मिडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये जंगल सफारी पार्क हरियाणा के गुरुग्राम और नूंह जिले में विकसित किया जा सकता है। अरावली पर्वत श्रृंखला में मौजूद ये सफारी पार्क ना केवल अपने बड़े क्षेत्र



के लिए खास होगा बल्कि अपनी अद्वितीय डिजाइन के लिए भी विशेष रहने वाला है। हरियाणा सरकार स्थानीय लोगों को भी इस प्रोजेक्ट से जोड़ने की प्लानिंग कर रही है। होम-स्टे पुलिस और प्रशासन गांव के समुदायों को संरक्षण का महत्व बताएगा।


क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज

भारत-कतर समझौता

# व्यापार-निवेश पर बनी बात, पर यहां हो रही दोनों देशों में मुश्किल!

- कतर में कैद 600 भारतीयों के भविष्य पर अभी भी है सस्पेंस
- भारतीय नौसेना अधिकारी पर चल रही सुनवाई,वापसी की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-सानी के बीच वार्ता में दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जाने पर सहमति बनी। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा और लोगों से लोगों के संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-कतर संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का फैसला किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि कतर में अभी भी 600 भारतीय बंद हैं। इसके अलावा, एक भारतीय नौसेना के अधिकारी भी कैद में हैं। कतर के अमीर दो



दिवसीय राजकीय यात्रा पर सोमवार को भारत पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच हुई बातचीत के बारे में विदेश मंत्रालय के अधिकारी अरुण कुमार चटर्जी ने बताया कि नौसेना अधिकारी का मामला वहां की स्थानीय अदालतों में लंबित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमीर और उनकी सरकार द्वारा भारतीय नागरिकों के संरक्षण और कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। हालांकि विदेश मंत्रालय के सचिव ने सीधे तौर पर ये नहीं बताया कि क्या पीएम मोदी और कतर के अमीर के बीच भारतीय नौसेना के अधिकारी को लेकर कोई बातचीत हुई या नहीं। कैद के बाद लौटे नौसेना अधिकारियों ने खाड़ी देश में फंसे अंतिम भारतीय को वापस लाने की मांग की।

# एमपी में एक दिन में 6 हादसे, 8 की मौत

## शाजापुर में डिवाइडर से टकराई कार, मैहर में एक ही परिवार के तीन लोगों की गई जान

भोपाल। मध्यप्रदेश में मंगलवार रात करीब दो बजे से बुधवार दोपहर 12 बजे तक 6 बड़े हादसे हुए। इनमें 8 लोगों की मौत हो गई। 19 बच्चों समेत 50 लोग घायल हुए हैं। पहला हादसा शाजापुर में रात करीब दो बजे हुआ। जिसमें कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। वहीं, अनूपपुर में यात्री बस सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में बस कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। 23 यात्री घायल हैं। एक्सीडेंट वेंकट नगर में मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर खैरझीटी के पास बुधवार सुबह 5 बजे हुआ। सीजी19 एफ 0297 रजिस्ट्रेशन नंबर वाली प्राइवेट बस रायपुर से प्रयागराज जा रही थी। देवास के खातेगांव में ट्रक की टक्कर से कार सवार दंपति की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हैं, उन्हें इंदौर रेफर किया गया है। उधर, बुरहानपुर के नेपानगर में बुधवार सुबह स्कूल बस पलटने से 19 स्टूडेंट्स घायल हो गए। इनमें से 4 की हालत गंभीर है। बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। नर्मदापुरम में डिवाइड तोड़ते हुए खाली डंपर ब्रिज से नीचे गिर गया, जिसमें आग लग गई। मैहर में कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दो लोग गंभीर घायल हैं। हादसा मैहर-अमरपाटन मार्ग के नरौरा में आज दोपहर 12 बजे हुआ। पुलिस के मुताबिक, सभी यात्री कुंभ स्नान करके वापस लौट रहे थे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी लोग उपध्याय परिवार से थे और प्रयागराज से मुंबई के पलावा जा रहे थे।





- **स्कूल बस पलटी, 19 बच्चे घायल, 4 गंभीर–** बुरहानपुर जिले के नेपानगर में बुधवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे स्कूल बस पलट गई। हादसे में 19 स्टूडेंट्स घायल हैं, 4 की हालत गंभीर है। बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सेंट एंथोनी जेनेलियस कॉन्वेंट स्कूल की बस नंबर एमपी12 पी 0262 हैदरपुर से नेपानगर की ओर जा रही थी। इसी दौरान धार नदी के पास ड्राइवर विकास ने रफ्तार तेज की तो बस बेकाबू होकर केले के खेत में पलट गई। 4 बच्चों को हाथ, पैर और सिर में चोटें आने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेपानगर थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवाल ने बताया कि बस में 20 से ज्यादा स्टूडेंट्स मौजूद थे। ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मध्यप्रदेश में नक्सलवाद और हिंसक गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं:सीएम

- बालाघाट में मध्यप्रदेश पुलिस के साथ मुठभेड़ में 3 महिला नक्सली ढेर, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में बालाघाट में मिली सफलता के लिए मप्र पुलिस को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि बालाघाट जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन महिला नक्सली मारी गईं। तलाशी अभियान के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद जब्त किया गया है। बाकी बचे नक्सलियों को पुलिस माकूल जवाब दे रही है। उन्होंने सफल अभियान के लिए मप्र पुलिस की सराहना की और जवानों का मनोबल बढ़ाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में नक्सलवाद और हिंसक गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। राज्य पुलिस इन पर अंकुश लगाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा देशभर में नक्सल विरोधी अभियान संचालित है। केंद्र सरकार सभी राज्यों से वर्ष 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्णतः सक्रिय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस की कुशल रणनीति के फलस्वरूप बालाघाट में नक्सली बैकफुट पर आ चुके हैं। राज्य में कहीं भी नक्सल गतिविधियां संचालित न हो, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है। पुलिसकर्मी अपनी जान की बाजी लगाकर दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। राज्य सरकार ने बालाघाट और जहां आवश्यक हो, वहां नक्सलियों से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था की हैं।

# अवैध शराब पकड़ने गए विधायक कमलेश्वर डोडियार को ड्राइवर ने पीट दिया

**रतलाम।** सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार का मंगलवार रात शराब तस्करों से विवाद हो गया। डोडियार ने अवैध शराब की गाड़ी पकड़ने की कोशिश की। इस दौरान उनके और उनके साथियों के साथ मारपीट हुई। डोडियार ने आरोप लगाया कि उनके गला दबाने की कोशिश की गई। घटना शिवगढ़ थाना क्षेत्र के छावनी छोड़िया गांव के पास हुई। गाड़ी चालक भी थाने पहुंचा और विधायक पर मारपीट का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार पिछले कुछ दिनों से अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। मंगलवार रात करीब साढ़े दस बजे उन्होंने शिवगढ़ थाना क्षेत्र में एक पिकअप गाड़ी को रोका। उन्हें शक था कि गाड़ी में अवैध शराब है। गाड़ी रोककर जब उन्होंने ड्राइवर से पूछताछ की तो विवाद शुरू हो गया। डोडियार का आरोप है कि ड्राइवर और उसके साथियों ने उनके और उनके साथ आए लोगों के साथ मारपीट की। यहां तक कि उनके गला दबाने की भी कोशिश की गई।

**गाड़ी लेकर भागने लगा ड्राइवर**

मारपीट के बाद ड्राइवर गाड़ी लेकर भागने लगा। विधायक और उनके साथियों ने उसका पीछा किया और गाड़ी को ओवरटेक कर रोक लिया। फिर पुलिस को सूचना दी गई। शुरुआत में बाजना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र का होने के कारण वे वापस लौट गई। बाद में शिवगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और विधायक और ड्राइवर दोनों को थाने ले आई। विधायक डोडियार ने अपने गले पर चोट के निशान दिखाते हुए कहा कि मैं पिछले 6-7 दिनों से अवैध शराब के खिलाफ काम कर रहा हूं। मेरे क्षेत्र में हर गांव में डायरी के नाम पर अवैध शराब सप्लाई हो रही है। डायरी के नाम पर अवैध दुकानें लगी हैं। इसको लेकर मुख्यमंत्री व शासन के अधिकारियों को भी लिखा है। उन्होंने आगे बताया कि आज शिवगढ़ थाना क्षेत्र में शिवगढ़ बाजना की ओर से मनासा की ओर शराब सप्लाई करने के लिए एक गाड़ी जा रही थी। मैंने उसे परनाला गांव में रोका। ड्राइवर से पूछा तो मेरे और मेरे साथियों के साथ मारपीट की। मेरा गला दबाने का प्रयास किया।इस घटना के बाद विधायक डोडियार का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने पूरी घटना की जानकारी दी। वीडियो में उन्होंने कहा कि मेरे और मेरे साथियों के साथ मारपीट हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे ड्राइवर ने गाड़ी भगाने की कोशिश की और उन्होंने उसे कैसे रोका।

**ड्राइवर ने भी लगाया आरोप**

दूसरी तरफ, गाड़ी के ड्राइवर ने भी विधायक और उनके साथियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। रतलाम के सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया भी शिवगढ़ थाने पहुंचे और मामले की जानकारी ली।पुलिस जांच में पता चला है कि पिकअप गाड़ी (एमपी 13 जक 2215) में 130 पेटी अंग्रेजी शराब थी। यह शराब जावरा के सरकारी वेयरहाउस से बाजना के कैलकच्छ जा रही थी। गाड़ी के पास शराब परिवहन का परमिट भी था। हालांकि, विधायक डोडियार का कहना है कि उन्हें शक था कि यह अवैध शराब की तस्करी है। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

# ग्वालियर-चंबल में बारिश तो मालवा निमाड़ में गर्मी का जोर

**मध्य प्रदेश।** मौसम के दो अलग-अलग रंग नजर आ रहे हैं, जहां ग्वालियर-चंबल अंचल में बारिश का दौर देखने मिल रहा है, तो वहीं मालवा निमाड़ अंचल में गर्मी का जोर दिख रहा है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों की माने तो आने वाले दिनों में कुछ इसी तरह का मौसम मध्य प्रदेश में बना रहने की संभावना है, अलग-अलग अंचलों में दिख रहे अलग-अलग मौसम का असर अब प्रदेश में नजर आएगा, जहां आधे प्रदेश में बूंदाबांदी के साथ बारिश की संभावना है, तो वहीं आधे प्रदेश में गर्मी का असर देखने मिलेगा। बहरहाल, तापमान कम होने की संभावना प्रदेश में कम नजर आ रही है। लगभग 9 से ज्यादा जिलों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो वेदर डिस्टरबेंस के चलते बदले मौसम के मिजाज के कारण 9 जिलों में एक बार फिर बौछार पढ़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों की ओर से जिन जिलों के लिए बारिश की संभावना जताई गई है, उनमें शिवपुरी, भिंड, मुरैना, शिवपुर, छतरपुर, ग्वालियर, निवाड़ी और टीकमगढ़ जैसे जिले शामिल है, जहां गरज-चमक के साथ बौछार पढ़ने की संभावना जताई गई है। इसी के साथ 21 फरवरी तक का मौसम का मिजाज इसी तरह का बना रहने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है।मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज मिला-जुला नजर आ रहा है, जहां दिन में गर्मी तो रात में सर्द हवा लोगों को परेशान कर रही है। मध्य प्रदेश में लगातार तापमान बढ़ रहा है, जहां तापमान के बढ़ने से लोगों को गर्मी महसूस हो रही है। वहीं रात के समय मौसम के ठंडा रहने से मौसम का मिला-जुला असर देखने मिल रहा है। जहां लोगों को अब गर्मी का एहसास होने लगा है। फरवरी के दूसरे सप्ताह में मौसम गर्म नजर आ रहा है, जहां लोगों को गर्मी महसूस होने लगी है। उधर, मौसम वैज्ञानिकों की माने तो एक बार फिर ठंड का प्रकोप प्रदेश में देखने मिलेगा, इसके बाद से गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो अबकी बार मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी की संभावना है। यही कारण है कि, फरवरी के महीने से ही गर्मी अपना जोर दिखने लगी है। वहीं अब धीरे-धीरे तापमान में बढ़ोतरी होगी, जहां तापमान में बढ़ोतरी के साथ-साथ लोगों को गर्मी का एहसास होने लगेगा।

फिलहाल सर्द हवाओं का कहर थम चुका है, जहां लगातार अलग-अलग जिलों में तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला देखने मिल रहा है। वहीं अब एक बार फिर मौसम को लेकर आए अपडेट में यह पता चला है कि, आने वाली 18 फरवरी से एक बार फिर मध्य प्रदेश का मौसम बदल सकता है। आज 20 फरवरी से बदल सकता है, जहां एक बार फिर सर्द हवाएं रफ्तार पकड़ेगी, और लगातार अलग-अलग जिलों का तापमान कम होता चला जाएगा। फरवरी में आमतौर पर मौसम में परिवर्तन देखने मिलते हैं, जहां अबकी बार फरवरी में एक बड़ा मौसमी परिवर्तन देखने मिल सकता है।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर होटल में सर्चिंग: एक होटल प्रबंधन पर एफआईआर

**भोपाल।** राजधानी में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर तैयारी जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को इसका शुभारंभ करेंगे। इस बीच एमपी नगर के एक होटल प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज की गई है। दरअसल, होटल में रुकने वालों की जानकारी नहीं देने पर यह कार्रवाई की गई है। इधर, पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी की बैठक ली है।मंगलवार देर रात भोपाल के जोन 2 के 9 थाने के जवानों ने होटल में सर्चिंग की। होटल मैनेजर से रोजाना रुकने और आने जाने वालों का रिकॉर्ड मांगा गया। आईएसबीटी के आसपास चेकिंग की गई। होटल में रुकने वालों की जानकारी न देने पर एमपी नगर के होटल प्रबंधन पर एफआईआर दर्ज की गई है।ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों की टीम बनाई है। 20 हजार से ज्यादा डेलिगेट्स भोपाल आएंगे। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी आने पर सभी होटल में डॉक्टर की टीम तैनात रहेगी। मानव संग्रहालय सहित दर्शनिक स्थल पर भी डॉक्टर की टीम मौजूद रहेंगी। भोपाल के सभी हॉस्पिटलों को भी निर्देश दिया गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए लाल परेड ग्राउंड पर हेलीपैड बन रहा है। पीएम के दौरे की तैयारी को लेकर पुलिस कमिश्नर ने डीसीपी की बैठक की। जिन पुलिस अधिकारियों ने अवकाश लिया था उनको भी बुलाया गया।जिला शिक्षा अधिकारी ने एक एडवाइजरी जारी की है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के चलते परीक्षार्थियों को 1 से 2 घंटे पहले घर से निकलने की सलाह दी गई है। 24 फरवरी और 25 फरवरी को यातायात मार्गो में बदलाव किया जाएगा। भोपाल में 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। इस समिट में देश-विदेश से लगभग 32 हजार मेहमान शिरकत करेंगे।

# बालाघाट में मुठभेड़ में तीन हार्डकोर महिला नक्सलियों का एनकाउंटर

**बालाघाट।** तीन महिला नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है। ये तीन हॉक फोर्स और पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए हैं। कुछ अन्य नक्सली भी घायल हुए हैं, जो जंगल में छिप गए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार थाना गढ़ी के सूपखार वन रेंज के रौंदा फॉरेस्ट कैंप के समीप हॉक फोर्स, पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुई मुठभेड़ में तीन हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराने में सफलता प्राप्त हुई है। ये मुठभेड़ सुबह करीब 11 बजे कान्हा किसली के मुक्की क्षेत्र में होना बताया जा रहा है। करीब दो घंटे आमने-सामने फायरिंग हुई है। हालांकि मारी गई महिला नक्सलियों की पहचान सामने नहीं आ सकी है। इनके शव बरामद कर लिए गए हैं। मारी गई तीन महिला नक्सलियों से एक इन्सास रायफल, एक एसएलआर रायफल व एक .303 रायफल व दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री जब्त की गई है। उक्त मुठभेड़ में कुछ नक्सली घायल हुए हैं जो घने जंगल का फायदा उठाकर भाग गए हैं जिनकी तलाश के लिए हॉक फोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा एवं जिला बल सहित 12 से अधिक टीमों द्वारा सघन सर्च ऑपरेशन जारी है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में टाउनशिप डेवलप करने पर 40 फीसदी सब्सिडी देगी सरकार

**भोपाल।** अधिक रोजगार देने वाले उद्योगों को मध्यप्रदेश सरकार अधिक आर्थिक सहायता प्रदान करेगी। साथ ही सरकार अन्य संसाधनों के साथ ही मदद भी उपलब्ध कराएगी। स्टार्टअप, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने वाली 7 नीतियां मंजूर की गई हैं, जिसमें उद्योगों को 40 प्रतिशत तक अनुदान देने का फैसला किया गया है। राजधानी भोपाल में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) से पहले मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया है।

## नीतियों में और क्या?

कैबिनेट ने एससी, एसटी, महिला और विकलांग द्वारा उद्योग लगाने पर प्राथमिकता के आधार पर वित्तीय सहायता देने के प्रावधान किये हैं। वहीं, 10 करोड़ से 500 करोड़ रुपये वार्षिक टर्नओवर वाली कंपनियों द्वारा मध्यप्रदेश में निवेश करने पर संयंत्र एवं मशीनरी अथवा उपकरण खरीद में 125 करोड़ रुपये तक अनुदान देने के प्रावधान भी नीतियों में किये गए हैं।

**ये शहर बनेंगे ईवी सिटी**

भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन को इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) सिटी बनाने की तैयारी का दावा किया गया है। ईवी वाहनों की खरीद पर राज्य सरकार प्रोत्साहन राशि और कई तरह की छूट प्रदान करेगी। कैबिनेट ने ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना को भी मंजूरी दी है। इसके तहत 273 किलोमीटर लंबी नहर का निर्माण किया जाएगा। खंडवा-बुरहानपुर में एक लाख 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित होगी। सरकार का दावा है कि विश्व की सबसे बड़ी ताप्ती मेगा वाटर रिचार्ज परियोजना को लेकर जल्द ही मप्र और महाराष्ट्र के बीच एमओयू हस्ताक्षर होगा।एक अन्य निर्णय में भोपाल के लेक व्यू अशोक होटल पीपीपी पर ब्रांड होटल की तरह विकसित करने की बात हुई है। इससे सरकार को हर साल 10 करोड़ रुपये मिलेंगे। कैबिनेट के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रात में इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में उद्योगपतियों के साथ परिचर्चा के पश्चात रात्रि भोज किया।कैबिनेट ने प्रदेश में शहरों के आसपास कोई भी किसान या निजी व्यक्ति लैंड पुलिंग करके टाउनशिप बनाने संबंधी नियमों को भी स्वीकृति दी है। स्थानीय निकाय क्षेत्र के भीतर पांच लाख से कम आबादी वाले शहरों के लिए न्यूनतम 10 हेक्टेयर भूमि और पांच लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए भूमि 20 हेक्टेयर आवश्यक होगी। कुल क्षेत्र के 15 प्रतिशत क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस, एलआइजी आवास बनाने होंगे।

# प्रेमी संग फरार हुई पत्नी की तलाश में पति दर-दर भटक रहा

**सागर।** प्रेमी संग फरार हुई पत्नी की तलाश में पति दर-दर भटक रहा युवक। पत्नी का कुछ पता नहीं चलने पर अब उसने एसपी ऑफिस जाकर उसे तलाश करने की गुहार लगाई है। बीते दिनों उसकी पत्नी दो बच्चों के साथ घर से चल गई थी। जिसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। खुशीराम की पत्नी अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। जिसे तलाश करने की मांग को लेकर खुशीराम सागर एसपी कार्यालय में साष्टांग करते हुए पहुंचा। इस दौरान उसने एसपी ऑफिस में आवेदन देकर पत्नी और बच्चों को खोजने की गुहार लगाई है।मामला सागर जिले के जरुआखेड़ा कस्बे के मूड़रा गांव है। जहां रहने वाली रहने वाली 25 साल की बसंती कुशवाहा उर्फ पूनम पति खुशीराम कुशवाह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रील बनाती थी। उसे इंस्टाग्राम पर रील बनाने का शौक था और वह इससे फेमस होकर पैसे भी कमाना चाहती थी। इंस्टाग्राम पर उसकी पहचान आकाश कुशवाह नाम के युवक के साथ हुई थी। दोनों में खूब बात होती थी, आकाश ने उसे फेमस होने और कमाने का लालच दिया तो वह दो बच्चों को लेकर घर से भाग गई।

**जीजा के घर जाने का कहकर गई थी**

महिला के पति खुशीराम कुशवाहा ने बताया कि 13 फरवरी को उसकी पत्नी बसंती अपने जीजा राकेश पटेल के घर बरोदिया कला जाने का बात कहकर घर से निकली थी। राकेश के घर पहुंचे के बाद वहां कुछ देर रुकी और फिर कहीं चली गई। वह अपने साथ दोनों बच्चों को भी ले गई थी। बसंती का मोबाइल नंबर लगातार बंद आ रहा है। उसका कहीं कुछ पता भी नहीं चल रहा है।

**रेलवे स्टेशन पर नहीं मिली**

पति ने बताया कि 13 फरवरी की रात 10 करीब बजे बसंती ने फोन कर बताया था कि वह बीना रेलवे स्टेशन है। इसके बाद वह अपनी बाइक से स्टेशन पर पहुंचा और उसके तलाश किया। लेकिन, उसका कुछ पता नहीं चला और न ही बच्चे मिले।

**इस तरह मिला था प्रेमी आकाश**

पत्नी की तलाश में भटक रहे पति खुशीराम कुशवाह ने बताया कि बसंती इंस्टाग्राम पर रील बनाती थी। जहां, उसकी आकाश कुशवाहा नामक के युवक से बात होने लगी थी। जानकारी लगने पर उसने बसंती को काफी समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। आकाश से बात करने का मना करने पर वह घर से भागने की धमकी भी देने लगी थी।

**रुपये कमाने का लालच दिया**

खुशीराम ने आरोप लगाया कि आकाश कुशवाह ने उसकी पत्नी बसंती को इंस्टाग्राम से लाखों रुपये कमाने का लालच दिया, जिससे बाद वह घर से चली गई। उसकी गुमशुदगी बरोदिया कला चौकी में दर्ज कराई है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# इन्वेस्टर समिट से पहले जीतू पटवारी के 10 तीखे सवाल, सरकार से मांगे जवाब

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में होने वाली इन्वेस्टर समिट से पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर 10 बड़े सवाल खड़े किए, जो प्रदेश में हुए निवेश और औद्योगिक विकास के दावों की पोल खोलते हैं।

पटवारी ने सरकार से पूछा कि अब तक हुए इन्वेस्टर समिट्स में साइन किए गए हजारों करोड़ के एमओयू में से कितने उद्योग वास्तव में जमीन पर खड़े हुए हैं और कितने केवल कागजों में सिमटे रह गए? उन्होंने आरोप लगाया कि इन्वेस्टर समिट के नाम पर उद्योगपतियों से केवल राजनीतिक शोबाजी के लिए सहमति पत्र (एमओयू) साइन करवाए जाते हैं, लेकिन न उद्योग लगते हैं और न ही रोजगार मिलता है। उन्होंने सरकार से यह भी पूछा कि अगर इन समिट्स से लाखों रोजगार पैदा हुए हैं, तो उन नौकरियों का वास्तविक आंकड़ा और जिलावार विवरण सार्वजनिक क्यों नहीं किया जाता? वहीं, औद्योगिक भूखंडों की स्थिति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने पूछा कि अगर मध्यप्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है, तो प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में हजारों भूखंड खाली क्यों पड़े हैं और कई बंद उद्योग खंडहर क्यों बन चुके हैं?

पटवारी ने मांग की कि पिछली समिट्स में घोषित बड़े प्रोजेक्ट्स, जैसे कि सिंगरौली, धार, नीमच, रतलाम, छिंदवाड़ा, कटनी और रीवा में प्रस्तावित उद्योगों की स्थिति पर सरकार ऑडिट रिपोर्ट जारी करे। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि क्या इस बार की इन्वेस्टर समिट में साइन होने वाले एमओयू सिर्फ कागजी खानापूर्ति नहीं होंगे, बल्कि तय समय-सीमा में धरातल पर भी उतरेंगे? भाजपा सरकार की औद्योगिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए पटवारी ने कहा कि इन समिट्स के बहाने सरकारी धन केवल विज्ञापन, प्रचार और आयोजनों में खर्च किया जाता है, जबकि निवेशकों को अनुकूल वातावरण और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था नहीं दी गई। उन्होंने यह भी पूछा कि मध्यप्रदेश की औद्योगिक विकास दर राष्ट्रीय औसत से कम क्यों है, जबकि भाजपा सरकार हर साल प्रदेश में बड़े निवेश आने के दावे करती है?

पटवारी ने प्रधानमंत्री कार्यालय से सवाल किया कि क्या वह इस बात को स्वीकार करेगा कि मप्र में किसान और स्थानीय छोटे उद्यमी जमीन अधिग्रहण के बाद भी मुआवजे और उद्योग स्थापित होने की राह देख रहे हैं, जबकि समिट्स में केवल घोषणाएं करके जनता को भ्रमित किया जा रहा है? अंत में, पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की कि अब तक हुए इन्वेस्टर समिट्स और रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के सभी एमओयू, प्रोजेक्ट स्टेटस, निवेश की हकीकत और रोजगार के आंकड़ों पर एक स्वतंत्र श्वेत पत्र जारी किया जाए ताकि जनता को सच्चाई पता चल सके।

## कुमेड़ी आईएसबीटी से मार्च तक शुरू होगी बस सेवा, यातायात को मिलेगी राहत

**इंदौर।** इंदौर के कुमेड़ी में बने अत्याधुनिक आईएसबीटी (इंटीग्रेटेड बस टर्मिनल) से बसों का संचालन मध्य मार्च तक शुरू हो जाएगा। संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में हुई समन्वय बैठक में इस पर अंतिम सहमति बनी। प्रारंभिक चरण में गुजरात, राजस्थान और दिल्ली के लिए 200 बसों का संचालन होगा, जिससे शहर के ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी और यात्रियों को बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी। बैठक में संभागायुक्त दीपक सिंह, कलेक्टर आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, आईडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार, चीफ इंजीनियर डी.आर. लोधी, वनमंडल अधिकारी बीरेन्द्र के. पटेल समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि आईएसबीटी पर सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा बस पार्किंग के लिए स्थान आवंटित किया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके। यात्रियों की सुविधा के लिए लोक परिवहन साधनों जैसे सिटी बस, ऑटो और ई-रिक्शा की कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, बैठक में सीनियर सिटीजन बिल्डिंग के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की गई। यह भवन 31 मार्च तक पूरा हो जाएगा, जिसमें 32 फ्लैट और सौर ऊर्जा प्लांट की सुविधा होगी, जिससे ऊर्जा की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। बैठक में बड़ा गणपति फ्लाईओवर के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई और तय किया गया कि अगले पखवाड़े में इसकी डीपीआर तैयार कर आगे की कार्यवाही शुरू की जाएगी। वहीं, अतिक्रमण हटाने की योजना के तहत जिन गरीब परिवारों के घर प्रभावित होंगे, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत नए घर उपलब्ध कराए जाएंगे।आईएसबीटी के संचालन से इंदौर की यातायात व्यवस्था को नया स्वरूप मिलेगा और यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस एक बेहतर बस टर्मिनल उपलब्ध होगा।

## स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने की तैयारी, जल्द आएगी नई नीति



**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश को गति देने के लिए ÷मध्यप्रदेश हेल्थ सेक्टर इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2025÷ लाने जा रही है। इस नीति के विभिन्न प्रावधानों पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा के बीच मंत्रालय में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक में राज्य में उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के उपायों पर विचार किया गया। इसके अलावा मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन प्रावधानों को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया, जिससे विशेषज्ञ डॉक्टरों और चिकित्सा शिक्षकों को आकर्षित किया जा सकेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्तुत जनहितैषी प्रस्तावों पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने आवश्यक बजटीय प्रावधान शीघ्र सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में वित्त विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने घोषित किए जिला मीडिया प्रभारी, संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर और प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक एवं महासचिव (कम्युनिकेशन) अभय तिवारी की सहमति से प्रदेश के विभिन्न जिलों में कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। ये प्रभारी मीडिया समन्वय, संगठनात्मक गतिविधियों के प्रचार-प्रसार, भाजपा की जनविरोधी नीतियों के विरोध और कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने का कार्य देखेंगे।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने बताया कि नियुक्त जिला मीडिया प्रभारी कांग्रेस की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से प्रचारित करेंगे। सूची में शिवपुरी से अंबिका शर्मा, देवास से अमित चौरसिया, नर्मदापुरम से आनंद जाट, छतरपुर से अवनीश बुंदेला, टीकमगढ़ एवं निवाड़ी से अजीत भदौरिया, विदिशा से अभिनव बरोलिया, डिंडौरी एवं उमरिया से अमित तावड़े, खरगोन एवं बड़वानी से आनंद जैन कासलीवाल, सागर से भूपेंद्र गुप्ता, श्योपुर से बैजनाथ कुशवाहा, ग्वालियर से रवि सक्सेना, उज्जैन से संतोष सिंह गौतम, नरसिंहपुर से स्पर्श चौधरी, हरदा से विवेक त्रिपाठी, सतना से विनय सक्सेना, शहडोल एवं अनूपपुर से डॉ. अशोक मसकोले, अशोकनगर से रवि वर्मा, भोपाल से मिथुन अहिरवार, गुना से धर्मेंद्र शर्मा, खंडवा से नीलाभ शुक्ला, मंडला से प्रदीप अहिरवार, सिंगरौली से सीताशरण सूर्यवंशी, छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा से गुंजन शुक्ला, बुरहानपुर से फरहाना खान, राजगढ़ से संगीता शर्मा, बैतूल से राजकुमार केलू उपाध्याय, दमोह से इंजी. ज्योति पटेल, सीधी से संतोष सिंह परिहार, जबलपुर एवं सिवनी से सुनील मिश्रा, रतलाम से फिरोज सिद्दीकी, मंदसौर एवं नीमच से समर सिंह, धार से योगेश यादव, रायसेन से शैलेन्द्र पटेल, मुरैना से डॉ. राम पाण्डेय, दतिया से प्रियंका शर्मा, सीहोर से हर्ष जैन, इंदौर से मृणाल पंत, पन्ना से हिमानी सिंह, भिंड से आर.पी. सिंह, रीवा से रीतेश त्रिपाठी और शाजापुर से शहरयार खान को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

कांग्रेस की इस नई नियुक्ति से मीडिया प्रबंधन को मजबूती मिलेगी और पार्टी की विचारधारा को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सहायता मिलेगी।

## लाड़ली बहना योजना में बड़ा खेल समग्र पोर्टल से हटाए जा रहे लाभार्थियों के नाम !

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शिवराज सरकार की बहुचर्चित 'लाड़ली बहना योजना' को लेकर विपक्ष लगातार हमलावर है। कांग्रेस ने मोहन सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि योजना की राशि नहीं बढ़ाई जा रही, नई हितग्राहियों को जोड़ा नहीं जा रहा और पहले से जुड़ी बहनों की संख्या भी घटती जा रही है। विपक्ष के इन आरोपों के बीच एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है–समग्र पोर्टल से बड़ी संख्या में लाड़ली बहनों के नाम डिलीट किए जा रहे हैं, साथ ही आधार को समग्र से डीलिंक किया जा रहा है। इस गड़बड़ी की शिकायतें पंचायतों से लेकर ब्लॉक, स्थानीय निकाय और कलेक्टर स्तर तक पहुंच रही हैं। आगर मालवा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने एमपी स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के एमडी को पत्र लिखकर बताया कि समग्र पोर्टल से नाम हटाए जाने और आधार डीलिंक होने के कारण हितग्राहियों को हर महीने मिलने वाली आर्थिक सहायता रुक रही है। सूत्रों के मुताबिक, बीते दो साल में साढ़े तीन लाख लाड़ली बहनों के नाम योजना से हटाए जा चुके हैं। इस मुद्दे पर अब कांग्रेस सरकार से जवाब मांग रही है और इसे एक सुनियोजित साजिश करार दे रही है।